हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग) रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

ई मेल : exam@durguniversity.ac.in *वेब साइट : www.durguniversity.ac.in*

क्रमांक /423/गोप./2021 दुर्ग, दिनांक 13/05/2021

प्रति,

प्राचार्य
समस्त संबद्ध महाविद्यालय,
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

विषय :– सत्र 2020–21 की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा के संबंध में ।

विषयान्तर्गत सत्र 2020–21 की स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के प्रायोगिक विषयों की प्रायोगिक परीक्षाएं दिनांक **15-05-2021** से **05-06-2021** तक **ऑनलाईन माध्यम** से संपन्न किया जाना हैं। प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परिक्षार्थियों के अंक प्रेषण हेतु निर्धारित प्रारुप विश्वविद्यालय के पोर्टल **https://durg.ucanapply.com** में ऑनलाईन दिनांक **15-05-2021** से उपलब्ध होगें, जिसे पोर्टल में लॉगिन कर डाउनलोड कर प्रिंटआउट प्राप्त कर लेवें।

उपरोक्तानुसार ऑनलाईन माध्यम से सम्पन्न हुये प्रायोगिक परीक्षा के अंक ऑनलाईन पोर्टल में दर्ज करने के पश्चात प्रिंट आउट हस्ताक्षरोपरांत सील बंद लिफाफे **(Foil/ Counter Foil)** विश्वविद्यालय गोपनीय विभाग में जमा करेंगे। प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथि एवं समय की जानकारी परीक्षार्थियों को अनिवार्यतः सूचित करें, ताकि सभी परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा में ऑनलाईन माध्यम से सम्मिलित हो सकें। विश्वविद्यालय द्वारा बाह्य परीक्षकों की सूची E-Mail के माध्यम से सभी महाविद्यालय को प्रेषित की जा चुकी है।

बाह्य परीक्षकों द्वारा ऑनलाईन माध्यम से प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराने में यदि अपनी असमर्थता जाहिर की जाती है तो प्राचार्य द्वारा अन्य बाह्य परीक्षक की नियुक्ति कर परीक्षा सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगे।

सहायक कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

पृ. क्रमांक /424/गोप./2021 दुर्ग, दिनांक 13/05/2021

प्रतिलिपि :–

1. माननीय कुलपति महोदया, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।

सहायक कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग) रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

ई मेल : exam@durguniversity.ac.in *वेब साइट : www.durguniversity.ac.in*

क्र. 425 / गोप. / 2021 दुर्ग, दिनांक 13 / 05 / 2021

प्रति,

प्राचार्य
समस्त संबद्ध महाविद्यालय
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग

विषयः– आंतरिक मूल्यांकन (10%) के अंक ऑनलाईन करने के संबंध में।

विषयान्तर्गत सत्र 2020–21 में स्नातक पाठ्यक्रमों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में अध्ययनरत नियमित छात्र–छात्राओं के आंतरिक मूल्यांकन / परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल **https://durg.ucanapply.com** में दिनांक **15-05-2021** से **05-06-2021**तक ऑनलाईन दर्ज किया जाना है। नियमित परीक्षार्थियों के विषय अनुसार सूची तथा आंतरिक मूल्यांकन / परीक्षा के अंक भरने हेतु निर्धारित प्रारूप विश्वविद्यालय के पोर्टल में लॉगिन कर डाउनलोड कर प्रिंटआउट प्राप्त कर लेवें।

डाउनलोड किये गये पर्ण **(Foil)** के प्रारूप में महाविद्यालय के संबंधित विषय के आंतरिक परीक्षक द्वारा परीक्षार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन / परीक्षा के अंक भरे जाने के उपरांत विश्वविद्यालय के पोर्टल में दिनांक **05-06-2021**तक अंक ऑनलाईन दर्ज किया जाना अनिवार्य है। परीक्षकों द्वारा जिस शीट में ऑफलाइन अंक पेन से भरे जायेंगे, उसे पर्ण माना जायेगा एवं पोर्टल में अंक ऑनलाईन दर्ज करने के पश्चात् किये गये प्रिंट / हार्डकापी को प्रतिपर्ण माना जायेगा। पोर्टल में अंक ऑनलाईन दर्ज करने के पश्चात् **पर्ण / प्रतिपर्ण** को विधिवत आंतरिक परीक्षक एवं प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित कर सील बंद लिफाफे में विश्वविद्यालय गोपनीय विभाग में अनिवार्यतः जमा किया जाना सुनिश्चित करें।

टीपः– आंतरिक मूल्यांकन के अंक विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किये गये ए–4 साइज लिफाफे में ही जमा करना सुनिश्चित करें।

सहायक कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

क्र. 426 / गोप. / 2021 दुर्ग, दिनांक 13 / 05 / 2021

प्रतिलिपि :–

1. माननीय कुलपति महोदया, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।
2. कुलसचिव, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ।

सहायक कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग